सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन नैनीताल दिनांक 19 मई, 2023

मसूरी शहर की स्थापना के 200 वर्ष पूर्ण होने पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने सभी मसूरी वासियों को बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा ''पहाड़ों की रानी, मसूरी अत्यंत रमणीक शहर है जो हमारे राज्य के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है। देश विदेश के सभी हिस्सों से पर्यटक मसूरी आते हैं और प्रत्येक वर्ष इसमे उत्तरोत्तर वृद्धि देखी जा रही है। विंटरलाइन, जो सिर्फ मसूरी से देखी जा सकती है, यहां आने वाले पर्यटकों के लिए एक आकर्षण का केन्द्र है। एक तरफ मसूरी रिज से दून घाटी का मनमोहक दृश्य दिखाई देता है, जबकि उत्तर की ओर आगंतुकों को हिमाच्छादित पर्वत शिखरों का विहंगम दृश्य देखने को मिलता है।''

राज्यपाल ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से कई प्रसिद्ध हस्तियों का भी मसूरी से काफी करीबी जुड़ाव रहा है। यह शहर कई प्रसिद्ध लेखकों जैसे रस्किन बॉन्ड, बिल ऐटकेन, स्टीफन ऑल्टर, कॉलिन गैंजर और गणेश शैली का भी घर रहा है। उन्होंने कहा कि इस सुंदर शहर की स्थापना के 200 वर्ष पूर्ण होने पर मसूरी के साथ–साथ पूरे उत्तराखण्ड के लिए भी गर्व की बात है।

.....................0.......................

राजभवन सूचना परिसर, नैनीताल उत्तराखण्ड मो0–9456590619 टे0/फै0 05942–235001–3